# छोटे उद्यमियों को मिलेंगे 20 हजार करोड़

## 27 जून को एमएसएमई दिवस पर इन उद्यमियों को सौंपे जाएंगे ऋण के चेक

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। 27 जून को एमएसएमई दिवस पर प्रदेश के छोटे उद्यमियों को बैंकों के जरिये 20 हजार करोड़ रुपये के ऋण के चेक सौंपे जाएंगे। इसी दिन प्रदेश के 11 उत्पादों को भौगोलिक संकेतांक (जीआई टैग) की सौगात भी मिलेगी। लोकभवन में होने वाले समारोह में अलीगढ़, सहारनपुर और कानपुर देहात में प्लेज स्कीम के तहत पार्कों की स्थापना समेत कई योजनाओं का एलान होगा।

प्रदेश के 11 उत्पादों को आधिकारिक रूप से जीआई टैग दिया जाएगा। ये टैग मिलने से इन उत्पादों को न सिर्फ वैश्विक मंच मिलेगा, बल्कि उनकी अलग पहचान भी बनेगी। जीआई टैग में बनारसी लंगड़ा आम, रामनगर भंटा, बनारसी पान, आदमचीनी चावल, बनारस का लाल पेड़ा, तिरंगी बर्फी, बनारसी ठंडाई, बनारसी लाल भरवां मिर्च और चिरईगांव का करौंदा आदि है।

### प्लेज स्कीम के तहत तीन पार्कों समेत कई योजनाओं का होगा एलान

**महिला उद्यमी को विशेष छूट :** महिलाओं की ओर से इकाई लगाने पर पूर्वांचल व बुंदेलखंड में स्टांप ड्यूटी पर 100 फीसदी व अन्य क्षेत्रों में 75 फीसदी की छूट दी जाएगी। प्रोत्साहन के लिए एमएसएमई इकाइयों को 1000 दिनों तक किसी भी विभाग से निरीक्षण की छूट मिलेगी। दस से पचास एकड़ तक के एमएसएमई पार्क और फ्लैटेड फैक्टरी के लिए जमीन खरीदने में भी सरकार मदद करेगी। इसके लिए प्लेज (प्रमोटिंग लीडरशिप इन डेवलपिंग ग्रोथ इंजन्स) स्कीम पेश की गई है। इसके तहत इन पार्कों के लिए 50 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से एक फीसदी सालाना ब्याज पर राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जमीन विकसित करने पर ब्याज में 50 फीसदी की सब्सिडी सात वर्ष तक अलग से मिलेगी। पहली बार एमएसएमई इकाई लगाने वालों को 10 से 25 फीसदी तक पूंजी में सब्सिडी मिलेगी, जो अधिकतम चार करोड़ रुपये होगी।

## भूमि पूजन समारोह में छोटी इकाइयों की धमक

वैश्विक निवेशक सम्मेलन में एमएसएमई सेक्टर में 9343 एमओयू हुए हैं। इनमें 1.59 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। भूमि पूजन समारोह में एमएसएमई सेक्टर के 2110 एमओयू फाइनल हो गए हैं। इनके जरिये 34 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता और डिजाइन के लिए विश्वस्तरीय संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलाजी को जोड़ा गया है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट एक्शन प्लान का एलान भी कार्यक्रम में किया जाएगा।

छोटे उद्यमियों को मजबूत करने और उन्हें वैश्विक मंच पर लाने के लिए तमाम योजनाएं लाई जा रही हैं। एमएसएमई दिवस पर 20 हजार करोड़ का लोन दिया जाएगा। जीआई टैग में यूपी की धमक और तेज होगी। भूमि पूजन समारोह के लिए एमएसएमई सेक्टर से 2110 निवेश शामिल होंगे।

– राकेश सचान, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री